Volume:1 Issue:18 November 2016

# E-newsletter

## (Monthly Publication)

## Kanpur Municipal Corporation

स्मार्ट कानपुर स्वच्छ कानपुर

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in,
Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

Volume:1 Issue:18 November 2016

# मासिक ई-न्यूज़लेटर

संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)
आरपी सलूजा
महाप्रबंधक,जलकल

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी

## Index

1— शहर को साफ सुधरा रखने हेतु जन जागरूकता रैली |

2— शहर को साफ सुधरा रखने हेतु जन जागरूकता रैली |

3 — स्वच्छता पखवाडा |

4 — डोर टू डोर कलेक्शन का निरिक्षण|

5 — कारगिल पार्क का निरिक्षण |

6 – शौचालयों का निरीक्षण |

7— वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का औचक निरीक्षण |

8—सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई |

9 — नगर आयुक्त जी द्वारा काज़ीहाउस का औचक निरीक्षण |

*10* —अतिक्रमण अभियान |

11 — नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो की लिस्ट |

12 -नगर निगम से सम्बंधित प्रकाशित खबरें |

*ई-पत्रिका के सम्बन्ध में किसी प्रकार का सुझाव पर kmcenewsletter@gmail.com मेल किया जा सकता है*

*प्रकाशक — नगर निगम,कानपुर*

# 1- शहर को साफ सुथरा रखने हेतु जन जागरूकता रैली



कानपुर नगर निगम, स्रष्टि सामाजिक संस्थान के सयुक्त तत्वाधान में शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत दिनांक 18.11.2016 को फूलबाग से लेकर परेड चौराहे तक स्कूलों के छात्र- छात्राओं ने कानपुर की जनता को सफाई अभियान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली का आयोजन किया गया, जिसमे एस.एन.सेन बालिका विधालय, गुरुनारायण खत्रीविद्या मंदिरऔर शिशु मंदिर ,समाज कार्य विभाग कानपुर विश्वविद्यालय के 400 स्टूडेंट, शिक्षकगण एवं नेशनल एन.जी.ओ फोरम, श्रमिक भारती के साथ साथ स्थानीय निवासियों ने शहर को स्वच्छ रखने के लिए रैली में प्रतिभाग किया । नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज श्रीवास्तव व क्षेत्र के पार्षद श्रीमती नीना अवस्थी ने रैली को हरी झंडी दिखाई। साथ ही साथ नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश विकास की नयी ऊचाईया चढ़ रहा है जैसे हर ऊचाई के साथ सावधानी जरुरी होती है वैसे ही भौतिक विकास के मामले में भी लोगो को सावधान रहने की जरुरत है सावधानी इसलिए जरुरी है कि हम दैनिक जीवन में हम कूड़ेऔर गन्दगीकी तरह तरह किस्मो से रूबरू होते है हर किस्म के कूड़े का सेहत पर नुकसान अलग अलग है आज से हमें ध्यान रखना है की हमे कूड़ा नहीं फैलाना है| इस अवसर पर श्री आर०के सिंह अधिशाषी अभियंता , श्री हरी शंकर यादव जोनल सिनेटरी ऑफिसर, श्री विपिन सिनेटरी एवं फ़ूड इंस्पेक्टर, श्रमिक भारती से श्री विनोद कुमार दुबे, श्रीमती सीमा पाण्डेय श्री रामदत्त तिवारी, स्रष्टि सामाजिक संस्थान से श्री के०डी०तिवारी, श्रीमती ऊषा, श्रीमती सुनीता, श्री अमर सिंह, वर्ल्डवीजन इंडिया से प्रबन्धक श्री टी० मूर्ति नेशनल एन.जी.ओ फोरम के श्री डी०मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।






## 2. शहर को साफ सुधरा रखने हेतु जन जागरूकता रैली




कानपुर नगर निगम, सृष्टि सामाजिक संस्थान के सयुक्त तत्वाधान में शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत दिनांक 25.11.2016 को किदवई नगर म्यूजिकल फाउंटेन से लेकर बरदेवी चौराहे तक स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने कानपुर की जनता को सफाई अभियान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली का आयोजन किया गया, जिसमे स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज श्रीवास्तव , कान्यकुब्ज महिला इंटरमीडिएट कॉलेज , कौशल्या देवी बालिका इन्टर कॉलेज के 300 स्टूडेंट, शिक्षकगण एवं नेशनल एन.जी.ओ फोरम, श्रमिक भारती के साथ साथ स्थानीय निवासियों ने शहर को स्वच्छ रखने के लिए रैली में प्रतिभाग किया । जोनल अधिकारी पुष्पा राठौर , पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया ने रैली को हरी झंडी दिखाई। साथ ही साथ जोनल अधिकारी पुष्पा राठौर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम का हर कदम पर नागरिकों के लिए बुनयादी सुविधाये उपलब्ध करवाने से ही जुड जाता है जरुरत इस बात की है कि शहर के नागरिक भी नगर निगम की विकास योजनाओ में भागीदार बनकर स्वच्छ भारत और स्वस्थ कानपुर के सपने को साकार करे| इस अवसर पर श्री आर०के सिंह अधिशाषी अभियंता , श्री चंद्रपाल यादव जोनल सिनेटरी ऑफिसर, श्रमिक भारती से श्री विनोद कुमार दुबे, श्रीमती सीमा पाण्डेय श्री रामदत्त तिवारी, सृष्टि सामाजिक संस्थान से श्री के०डी०तिवारी, श्रीमती ऊषा, श्रीमती सुनीता, श्री अमर सिंह, वर्ल्डवीजन इंडिया से प्रबन्धक श्री टी० मूर्ति नेशनल एन.जी.ओ फोरम के श्री डी०मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।






*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 3. स्वच्छता पखवाड़ा




नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने आचार्य नरेन्द्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय, में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत दिनांक 12.11.2016 से आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। नगर आयुक्त जी के छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि महिलायें भी स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक हों तथा आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करें क्योंकि स्वच्छता का सीधा सम्बन्ध हमारे स्वास्थ्य से है। महाविद्यालय में इसी तरह के आयोजन आगे भी कराये जायें, इस हेतु नगर निगम से जो भी आवश्यक सहयोग होगा, इसी भांति मिलता रहेगा। इस अवसर पर प्रभारी अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 पंकज श्रीवास्तव उपस्थित रहे |



स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत दयानन्द महिला डिग्री कॉलेज द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़े में नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने दिनांक 18.11.2016 को आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। जिसमे नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया | नगर आयुक्त जी के छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि महिलायें भी स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक हों तथा आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करें क्योंकि स्वच्छता का सीधा सम्बन्ध हमारे स्वास्थ्य से है। महाविद्यालय में इसी तरह के आयोजन आगे भी कराये जायें, इस हेतु नगर निगम से जो भी आवश्यक सहयोग होगा, इसी भांति मिलता रहेगा।

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 4-डोर टू डोर कलेक्शन का निरिक्षण



नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा दिनांक 11.11.2016 जोन-6 वार्ड-61 के अन्तर्गत लाजपत नगर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्य जे0टी0एन0 सर्विसेज का कार्य का निरीक्षण किया गया। सुपरवाइजर द्वारा अवगत कराया गया कि अभी इस वार्ड में 07 रिक्शों से कूड़ा कलेक्शन कार्य कराया जा रहा है निरीक्षण के दौरान जे0टी0एन0 सर्विसेज का कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया, डोर-टू -डोर कूड़ा कलेक्शन में लगे कर्मचारियों को वार्ड की गलियों का ज्ञान भी नहीं है और न ही क्षेत्र के लोगों को हो रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की जानकारी हो सकी है। एवं नगर आयुक्त महोदय ने यह भी निर्देश दिया , कि डोर-टू -डोर कूड़ा कलेक्शन में लगे कर्मचारियों को शीघ्रातिशीघ्र वर्दी, आइडेन्टी कार्य व टोपी (स्वच्छ भारत मिशन लिखा हुआ) प्रदान करते हुए उन्हें निर्देशित किया जाये कि उनके द्वारा प्रतिदिन वर्दी, आइडेन्टी कार्ड व टोपी अनिवार्य रूप से पहनी जाये। उक्त वार्ड में श्री शिव बहादुर, सुपरवाइजर, जे0टी0एन0 सर्विसेज के स्थान पर किसी योग्य सुपरवाइजर को लगाया जाये। क्षेत्रीय नागरिकों को उक्त कार्य की समुचित जानकारी देने हेतु जे0टी0एन0 सर्विसेज द्वारा अपने संसाधनों से सायंकाल 10-15 दिन इस वार्ड क्षेत्र में एवं जहां भी कार्य प्रारम्भ हो चुका है/प्रारम्भ कराया जाना है, उन वार्ड क्षेत्रों में एनाउंस कराया जाये, मुनादी, सिटी न्यूज, पम्पलेट आदि माध्यमों से भी डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये, उक्त हेतु प्रभारी अधिकारी डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण द्वारा जे0टी0एन0 सर्विसेज को नोटिस देते हुए उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाये। जोनल स्वच्छता अधिकारी/स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा नियमित रूप से पर्यवेक्षण के दौरान क्षेत्र में चल रहे कूड़ा कलेक्शन कार्य पर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा किसी प्रकार की कमी अथवा दिक्कत आदि उत्पन्न होने पर प्रभारी अधिकारी डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को तत्काल अवगत कराया जाये। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।इस अवसर पर श्री विनोद कुमार गुप्ता, प्रभारी अपर नगर आयुक्त, डा0 पंकज श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, श्री ए0के0 सिंह, प्रभारी अधिकारी डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं श्री आर0के0 सिंह, जोनल अभियंता मौजूद रहे।

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 5- कारगिल पार्क का निरिक्षण



दिनांक 17.11.2016 को नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा कारगिल पार्क में चल रहे सिविल कार्य एवं पार्क की सफाई आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मोतीझील स्थित कारगिल पार्क में पाया गया कि झील में विवेकानन्द जी की मूर्ति लगाये जाने के कार्य की गति अत्यंत धीमी है, अभी भी प्लेटफार्म बनाये जाने का कार्य किया जा सका है |निरक्षण के दौरान नगर आयुक्त जी ने पार्क को सही ढंग से सफाई एवं पार्क में लगे पेड़ पौधों को समय समय पर कटाने एवं उनकी सही ढंग से देखभाल करने के निर्देश उद्यान अधीक्षक श्री वी०के ० सिंह को दिया |

## 6- शौचालयों का निरीक्षण



दिनांक 29.11.2016 को नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा वी0आई0पी0 रोड पर एल्गिन मिल कैम्पस में स्थित मलिन बस्ती में भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन (एस0 बी0 एम0) योजनान्तर्गत निर्मित किये जा रहे शौचालयों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर श्री विनोद कुमार गुप्ता, प्रभारी अपर नगर आयुक्त, डा0 पंकज श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, एवं श्री आर0के0 सिंह, जोनल अभियंता मौजूद रहे |

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## *7-वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का औचक निरीक्षण*



नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा दिनांक 08.11.2016 को वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का औचक निरीक्षण किया गया |निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट गंगा बैराज, जल निगम के मुख्य द्वार के पास टट्टर डालकर दुकान बनाकर अस्थाई अतिक्रमण कर लिया गया है। इसी स्थल पर दूसरी साइड पटरी पर बने सरकारी कैम्पस में नीचे के कमरों में ताला बन्द है, परन्तु ऊपर के कमरों में अनधिकृत रूप से दो परिवार निवास कर रहे हैं, जिनके द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें श्री आर0के0 सिंह, ठेकेदार द्वारा निवासित किया गया है, इस सम्बन्ध में श्री मोहित चक, प्रोजेक्ट मैनेजर, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कैम्पस लगभग 04 वर्ष पूर्व से जलकल विभाग को हस्तान्तरित है। इस पर नगर आयुक्त ने रोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि ट्रीटमेन्ट प्लांट के मुख्य द्वार के पास के अस्थाई अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाये। जलकल विभाग द्वारा सरकारी कैम्पस में निवास कर रहे लोगों से अविलम्ब कैम्पस खाली कराया जाये। श्री आर0के0 सिंह, नोडल अधिकारी, जे0एन0एन0यू0 आर0एम0 (जोनल अभियंता जोन-1) द्वारा श्री योगेश कुमार श्रीवास्तव अधिशाषी अभियंता, जलकल विभाग का उपरोक्त के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा |

## 8-सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई

नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा **30.11.16** को सेवा निवृत्त हुए **12** कर्मचारियों को माला पहनाकर, उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शाल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्शीवचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त श्री राकेश कुमार गुप्ता , मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 9-नगर आयुक्त जी द्वारा काज़ीहाउस का औचक निरीक्षण



दिनांक 25.11.2016 को नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा जोन.5 स्थित दर्शनपुरवा कांजी हाउस का निरीक्षण किया गया| एवं मौके पर मौजूद पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ए० के ० सिंह को निर्देशित किया की कांजी हाउस कांजी हाउस में पशुओं के खान.पान हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये| गायों के उपचार हेतु प्राथमिक/आवश्यक दवायें रखी जायें। जिससे उनका ठीक ढंग से रखरखाव किया जा सके |

## *10-अतिक्रमण अभियान*



दिनांक 01.11.2016 से 15.11.2016 तक नगर निगम द्वारा जोन-5 के विभिन्न इलाकों विजय नगर चौराहों से शास्त्री चौक, गोविन्द पुरी पुल से चावला चौराहों तक, चावला चौराहों से दीप तिराहे तक में अतिक्रमण अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत स्थायी एवं अस्थायी रूप से लगी होल्डिंग को हटाया गया एवं मौके पर उनसे यूजर चार्ज भी वसूला गया |

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 11– नगर निगम द्वारा जोन वाइज कराये गए सिविल कार्यो की लिस्ट

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | लागत (रु) लाख में |
|---|---|---|
| 1 | जोन–2 वार्ड–66 के अन्तर्गत जाजमऊ गंगा विहार कालोनी में चन्द्रशेखर आजाद पार्क के सुन्दरीकरण का कार्य। | 869679 |
| 2 | जोन–5 वार्ड–60 में म0नं0 एम0आई0 105 से 115 तक टाइल्स का कार्य। | 707447 |
| 3 | जोन–6 वार्ड–9 विष्णुपुरी के अन्तर्गत रतन सदन अपार्टमेण्ट से आनन्द लोक सदन अपा. र्टमेण्ट तक फुटपाथ का टाइल्स द्वारा सुधार कार्य। | 824783 |
| 4 | जोन–3 वार्ड–88 के अन्तर्गत के–1 ब्लाक बर्रा विश्व बैंक में म0नं0–के 47 से 62 एवं 26 से 33 तक नाली एवं टाइल्स द्वारा सडक का सुधार कार्य। | 428977 |
| 5 | जोन–6 वार्ड–20 नारामऊ के अन्तर्गत बैरी गॉव में चन्द्रकेश्वर के मकान से रिंकू सैनी के मकान तक गली एवं नाली का सुधार कार्य। | 545051 |
| 6 | जोन–6 वार्ड–20 नारामऊ अन्तर्गत बैरी गॉव में छोटे के मकान से ललित मिश्रा के मकान तक नाली निर्माण तथा गली का सुधार कार्य। | 489835 |
| 7 | जोन–5 वार्ड–35 जूही पुरमपुरवा में धर्मकॉटा चौराहा से झण्डा चौराहा तक निर्माणाधीन नाला को आर0सी0सी0 से ढंकने का कार्य। | 943832 |
| 8 | जोन–5 वार्ड–17 पनकी औद्योगक क्षेत्र साइट नं0–1 फै0सं0–138 से 50 तक सडक का सुधार कार्य। | 1138961 |
| 9 | जोन–3 वार्ड–90 के अन्तर्गत ई ब्लाक में मकान नं0–128/233 से 128/120 और 128/105 से 128/230 तक फुटपाथ एवं गली का सुधार कार्य। | 511008 |
| 10 | जोन–2 वार्ड–44 के अन्तर्गत ओमपुरवा में गापाल निकेतन अहमद भाई के मकान से मस्जिद तक सडक व नाली का निर्माण कार्य। | 102000 |
| 11 | जोन–2 में फाल्डिंग टाइप रोलर बैरियर की आपूर्ति का कार्य। | 93546 |
| 12 | जोन–3 वार्ड–24 केशव मधुवन वाटिका डब्ल्यू ब्लाक केशव नगर में बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत व रंगाई पुताई का कार्य। | 97744 |
| 13 | जोन–6 वार्ड–87 के अन्तर्गत म0न0–117/पी/35 से 117/28 तक टाइल्स द्वारा साइड पटरी का सुधार कार्य। | 95385 |
| 14 | जोन–3 वार्ड–55 के ब्लाक के अन्तर्गत मदर टेरेसा स्कूल के सामने नाली पर आर0सी0सी0 पत्थर रखने का कार्य। | 97540 |
| 15 | जोन–2 वार्ड–67 के अन्तर्गत देवकी नगर में बाईपास के पास श्रीराम देव सिंह प्लाट नं0–06 के सामने फुटपाथ का टाइल्स द्वारा सुधार कार्य। | 97714 |

# 12– नगर निगम से सम्बंधित प्रकाशित खबरें

## रैली निकाल कर दिया स्वच्छता का संदेश



किदवई नगर म्यूजिकल फाउंटेन से जागरूकता रैली निकालती छात्राएं।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

'नगर निगम ने ठाना है, कानपुर स्वच्छ बनाना है' जैसे नारे लगाते हुए निकली रैली के माध्यम से लोगों को शहर स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया। रैली का आयोजन नगर निगम और सृष्टि सामाजिक संस्थान ने संयुक्त रूप से किया था। किदवईनगर म्यूजिकल फाउंटेन से निकली रैली में कानपुर कन्या महाविद्यालय इण्टर कालेज और कौशल्या देवी महिला इण्टर कालेज की छात्राएं शामिल थीं। रैली में शामिल छात्राओं ने नारों लिखी तख्तियों के माध्यम से लोगों से अपने आसपास गंदगी न फैलाने का संदेश दिया गया। रैली का संचालन कॉलेज की एनसीसी प्रमुख शैलजा रायत ने किया। कन्या विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती निवेदिता और जोनल ऑफिसर पुष्पा राठौर ने कहा कि नगर निगम के सहयोग से शहरवासी अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने पर ध्यान दें। तभी स्वच्छ कानपुर का नारा सफल होगा। रैली में पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया, पुष्पा राठौर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.पंकज श्रीवास्तव, विनोद कुमार दुबे, कृष्णदत्त तिवारी, सीमा पांडेय (श्रमिक भारती), कृष्णदत्त तिवारी, रामदत्त तिवारी, मंजू दुबे, ज्ञानेन्द्र, अंकुश तिवारी, डी मिश्रा, अंजलि, दीक्षा मिश्रा, शकुंतला सिंह, सुनीत सिंह, योगेन्द्र सिंह, नवनीत पांडेय, ऊषा तिवारी और राकेश मिश्र आदि थे।

### 'आओ चलें स्वच्छ भारत की ओर'

कानपुर (एसएनबी)। विश्व शांति सेवा समिति व विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 'आओ चलें स्वच्छ भारत की ओर' अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत बाबा आनन्देश्वर मंदिर परमट खाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर कथाव्यास देवकी नन्दन ठाकुर महाराज ने लोगों को मां गंगा को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया इसी के साथ अपने घर के आस-पास भी साफ-सफाई रखने का संदेश दिया गया।

इस मौके पर पंडित देवकीनन्दन ठाकुर महाराज के साथ ही संत अरुण पुरी, बाबा आनन्देश्वर मंदिर के महंत रमेश पुरी आदि ने घाट पर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और गंगा घाट व गंगा किनारे गंदगी न फेंकने की अपील की। कथाव्यास ने बताया कि हमारे पूर्वज वर्षों तपस्या करने के बाद मां गंगा को धरती पर ला सके थे। इस जल को हम पीते हैं और इसे ही दूषित कर रहे हैं। गंगा को साफ रखना केवल केंद्र व राज्य सरकार का दायित्व नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को इसमें शामिल होना चाहिए।



परमट में घाट की सफाई करते देवकी नंदन महाराज व महंत।

दैनिक जागरण कानपुर, 1

## रैली निकालकर दिया सफाई का संदेश

नगर निगम व सृष्टि सामाजिक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सफाई के प्रति जागरूक करने को फूलबाग से परेड चौराहे तक जागरूकता रैली निकाली गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि कूड़ा फैलाने से बचना चाहिए। पार्षद नीना अवस्थी ने कहा कि हमें कचरा दूसरों की तरफ नहीं सरकाना चाहिए। रैली में एसएनसेन बालिका विद्यालय, गुरुनारायण खत्री विद्या मंदिर और सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र थे। आरके सिंह, हरीशंकर यादव, विनोद कुमार दुबे, सीमा पांडेय, रामदत्त तिवारी, राकेश मिश्रा आदि रहे।

## छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



कानपुर कन्या महाविद्यालय और कौशल्या देवी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छ भारत मिशन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को रैली निकाली। सृष्टि सामाजिक संस्थान के तत्वावधान में किदवई नगर स्थित म्यूजिकल फाउंटेन से निकली रैली को नगर निगम जोनल अधिकारी पुष्पा राठौर और पूर्व पार्षद मदनलाल भाटिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइट नंबर वन, बारादेवी चौराहा आदि से होते हुए रैली किदवईनगर चौराहे पर समाप्त हुई। रैली में कौशल्या देवी कॉलेज की प्रिंसिपल निवेदिता और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज श्रीवास्तव, कन्या महाविद्यालय की एनसीसी प्रमुख शैलजा रावत, विनोद दुबे, रामदत्त तिवारी, मंजू दुबे, अंकुश तिवारी, दीक्षा मिश्रा, सुनीत सिंह, राकेश मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।

### समय से उठाएं कूड़ा सड़क से हटाएं बैनर

कानपुर (ब्यूरो)। नगर आयुक्त उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बेनाझाबर रोड, ईदगाह चौराहा, चुन्नीगंज चौराहा, एमजी रोड, लाल इमली चौराहा, परेड चौराहा, बड़ा चौराहा, माल रोड, एलआईसी चौराहा, मुरे कंपनी पुल, छबीलेपुरवा, जाजमऊ, भगवतदास घाट तिराहा, सिविल लाइंस, सरसैया घाट चौराहा, ग्रीनपार्क चौराहा आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने चुन्नीगंज, एलआईसी कार्यालय के पास, मुरे कंपनी पुल के नीचे और मर्चेंट्स चेंबर हॉल के पास स्थित कूड़ाघरों में इकट्ठा कूड़े का उठान समय पर करने के निर्देश दिए। चुन्नीगंज चौराहे से लाल इमली चौराहे के बीच, सरसैया घाट, जाने वाली रोड, परेड चौराहे से नरौना चौराहे तक की रोड पर कई जगहों पर: सड़क को क्रास करके बैनर बंधे मिले। नगर आयुक्त ने इन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

## सृष्टि सामाजिक संस्था ने निकाली स्वच्छ भारत मिशन रैली

कानपुर। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शहर के केडीए और सृष्टि सामाजिक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया।

इलाकाई लोगो ने सफाई के प्रति जागरूकता के लिए हुयी पदयात्रा में कन्या महाविद्यालय इण्टर कालेज एवं कौशल्या देवी महिला इण्टर कालेज की सैकड़ो छात्र-शिक्षकों के साथ सैकड़ो स्थानीय लोगो ने शिरकत की। नगर निगम की अधिकारी पुष्पा राठौर एवं पूर्व पार्षद मदन लाल भाटिया ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

किदवई नगर म्यूजिकल फाउण्टेन पार्क से शुरू हुई पदयात्रा बारादेवी चौराहे तक पहुंची। रैली में यातायात अनुशासन का जिम्मा कन्या महाविद्यालय इण्टर कालेज की एनसीसी प्रमुख शैलजा रावत ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम में कौशल्या देवी महिला इण्टर कालेज की प्राचार्या निवेदिता और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पंकज श्रीवास्तव ने भी शिरकत की।

नगर निगम जोनल आफिस पुष्पा राठौर ने कहाकि नगर निगम का हर कदम पर नागरिकों के लिये बुनियादी सुविधायें उपलब्ध करवाने से ही जुड़ा होता है।

जरूरत इस बात की है कि शहर के नागरिक भी नगर निगम की विकास योजनाओं में भागीदार बनकर स्वच्छ भारत और स्वस्थ कानपुर के सपने को साकार करें। साथ ही साथ आला अधिकारियों ने यह भी माना कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सफाई के प्रति जन जागरूकता सबसे अहम बात है। रैली में शामिल होकर सैकड़ो छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने शहर को साफ सुथरा बनाने में योगदान करने का संकल्प भी लिया।

पदयात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में श्रमिक भारती से विनोद कुमार दुबे, रामदत्त तिवारी, मंजू दुबे, सेनेटरी इंसपेक्टर, ज्ञानेन्द्र, नेशनल एन.जी.ओं. फोरम से अंकुश तिवारी डी. मिश्रा, अंजलि, कानपुर वि.वि. विभाग से दीक्षा मिश्रा, शकुंतला सिंह, सृष्टि सामाजिक संस्थान से सुनीत सिंह, योगेन्द्र सिंह, नवनीत पाण्डेय, उषा तिवारी, राकेश मिश्र आदि लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।